**हड़कम्प** अमदरा में राशन दुकान के ताले टूटे, फरवरी माह का गेहूं, चावल और शक्कर चोरी

# राशन दुकान से चोरों ने उड़ाया 32 क्विंटल अनाज





**टिकरिया, अमदरा, नवभारत।** थाना टिकरिया अंतर्गत ग्राम अमदरा में बीती रात चोरों ने एक शासकीय उचित मूल्य की दुकान को अपना निशाना बनाया। चोरों ने दुकान के ताले तोड़कर भारी मात्रा में खाद्यान्न पार कर दिया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना की जानकारी शनिवार सुबह तब लगी जब सरपंच के माध्यम से चोरी की सूचना प्राप्त हुई।

उचित मूल्य दुकान विक्रेता मनोज सोनी ने राशन की चोरी की रिपोर्ट टिकरिया पुलिस थाने में की है। आवेदन में बताया गया कि ग्राम अमदरा एवं कुई वन समिति की सम्मिलित उचित मूल्य दुकान में 30 और 31 जनवरी की दरमियानी रात्रि को अज्ञात चोरों ने सेंधमारी की। दुकान में हाल ही में फरवरी माह के लिए आवंटित खाद्यान्न का स्टॉक आया था। जिस पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया है।

### मौके पर बना पंचनामा, 112 को दी सूचना

उचित मूल्य दुकान में हुई चोरी के बाद बनाए गए पंचनाम में बताया गया कि चोरी हुए खाद्यान्न में गेहूं लगभग 16 क्विंटल, चावल करीब 15 क्विंटल और शक्कर 1.18 क्विंटल को चोर ले गए है। घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों ने 112 डायल पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर सरपंच अमर लाल, कोटवार विनोद और अन्य पंचों व ग्रामीणों की उपस्थिति में पंचनामा तैयार किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि चोरी गया अनाज गरीबों के हक का था, जिसे अज्ञात चोरों ने चुरा लिया है।

### पुलिस की जांच शुरू

दुकान विक्रेता मनोज सोनी ने थाना प्रभारी टिकरिया को लिखित शिकायत सौंपकर उचित कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने आवेदन लेकर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।



# देवहार में विधायक निधि से रंगमंच का भूमिपूजन

▶ विधायक चेन सिंह ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**बीजाडांडी।** ग्राम पंचायत देवहार में विकास कार्यों की नई आधारशिला रखी गई। विधायक चेन सिंह वरकड़े के मुख्य आतिथ्य में विधायक निधि से स्वीकृत नवनिर्मित रंगमंच का भूमि पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान न केवल विकास कार्य का शुभारंभ हुआ, बल्कि क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं पर भी चर्चा की गई।

भूमि पूजन के बाद आयोजित जनसभा में देवहार पंचायत के चारों ग्रामों की सामूहिक समस्याओं को विधायक के समक्ष प्रमुखता से रखा गया। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में अपनी मांगें प्रस्तुत कीं। जिसमें मांग की गई कि अहिरवाड़ा में सिंचाई और जल संचय हेतु नए तालाब का निर्माण किया जाए, देवहार में पेयजल संकट का स्थाई समाधान और हाई स्कूल के अधूरे भवन को पूर्ण कराया जाए, सुरंगवानी में युवाओं के लिए खेल मैदान की व्यवस्था की जाए, देवगांव में बिजली आपूर्ति के लिए ट्रांसमीटर की आवश्यकता। चारों ग्रामों के जर्जर प्राइमरी स्कूल भवनों की मरम्मत और मिडिल स्कूल भवन की मांग की है।

**युवाओं और रोजगार के मुद्दों पर चर्चा**-कार्यक्रम में सामाजिक सरोकारों और युवाओं के भविष्य पर भी चर्चा हुई। ग्रामीणों ने विधायक जी का ध्यान 9300 जनसेवा मित्रों की पुनः बहाली और युवाओं के लिए आगामी भर्ती परीक्षाओं हेतु विधानसभा में प्रश्न उठाने की ओर आकर्षित किया। इस संबंध में विधायक को एक सामूहिक आवेदन भी सौंपा गया। विधायक ने सभी मांगों को सुना व मौके पर ही देवगांव में नए ट्रांसमीटर की स्वीकृति प्रदान कर ग्रामीणों को बड़ी राहत दी। अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए उन्होंने आश्वस्त किया कि वे विभागीय स्तर पर चर्चा कर शीघ्र ही ठोस कदम उठाएंगे। आयोजन को सफल बनाने में पंचायत प्रतिनिधियों, पंचायत प्रशासन और आयोजन समिति की भूमिका सराहनीय रही। अवसर पर क्षेत्र के युवा समाजसेवी, मुकदम स्यान, दवान पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




# शिक्षक मंगल दास हुए सेवानिवृत्त, दी गई विदाई

▶ परेड संचालन से लेकर रामलीला तक, अमिट रहा 43 वर्षों का सफर

**भुआ बिछिया।** एकीकृत शासकीय हाई स्कूल खलोंडी में कार्यरत वरिष्ठ शिक्षक मंगल दास टांडिया की सेवानिवृत्ति पर एक ऐतिहासिक विदाई समारोह आयोजित किया गया।

बताया गया कि 16 जनवरी 1964 को जन्मे मंगल दास टांडिया ने अपने करियर की शुरुआत 1983 में वनवासी सेवा मंडल से की थी। उनकी कार्यक्षमता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वे कबड्डी और वॉलीबॉल के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे हैं। शिक्षण के साथ-साथ मंगल दास धार्मिक कार्यों में भी अग्रणी रहे। विनोद रंगमंच की ऐतिहासिक रामलीला में उन्होंने रावण, दशरथ और सुग्रीव जैसे पात्रों का जीवंत अभिनय किया। रावण के उनके सशक्त अभिनय के कारण जनमानस में वे लंकेश के नाम से लोकप्रिय हैं। विदाई समारोह में हजारों की संख्या में महिलाएं, बच्चे, जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन सुनील चौबे और कमल छाटा ने किया। इस अवसर पर सरपंच चंद्रावती आर्मो, उपसरपंच दीप सिंह मरावी सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कोदो के कोदई से बने भोजन खाकर चार पहुंचे अस्पताल

**उमरिया।** जिले के जनपद पंचायत करकेली अंतर्गत ग्राम पंचायत जरहा के सेहरा गांव से स्वास्थ्य को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। यहां एक ही परिवार के चार लोगों की तबीयत अचानक खराब हो गई। परिजनों का कहना है कि कोदो के कोदई से बना भोजन खाने के बाद सभी को चक्कर, घबराहट और कमजोरी महसूस होने लगी, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। सेहरा गांव निवासी खेमचंद सिंह ने बताया कि गुरुवार को एकादशी व्रत के चलते उनके परिवार में चावल का सेवन नहीं किया गया था। इसके स्थान पर कोदो के कोदई से भात बनाया गया, जिसे पिता, माता, पत्नी और उन्होंने स्वयं खाया। भोजन करने के कुछ ही समय बाद सबसे पहले बुजुर्ग माता-पिता की हालत बिगड़ी। उन्हें तेज घबराहट और असहजता महसूस होने लगी। इसके बाद पत्नी को भी परेशानी शुरू हो गई, जबकि खेमचंद सिंह को चक्कर आने लगे।



# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में लाए गए 27 बायसन

▶ झुंड बनने के बाद दूसरे बाड़े में छोड़े जाएंगे, निगरानी के लिए स्पेशल टीम तैनात

**उमरिया।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व मे सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से 27 बायसन लाए गए हैं। इनमें 5 नर और 22 मादा बायसन शामिल है। इन्हें कल्लवाह परिक्षेत्र में बनाए गए बाड़े में रखा गया है, जहां इनकी कड़ी निगरानी की जा रही है।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने बायसन की निगरानी के लिए एक विशेष टीम तैनात की है। यह टीम मचान पर बैठकर लगातार इन पर नजर रख रही है। प्रबंधन इन बायसनों के झुंड बनाने का इंतजार कर रहा है, जिसके बाद इन्हें दूसरे बाड़े में स्थानांतरित किया जाएगा। बाड़े में बायसनों के लिए खाने-पीने की उचित व्यवस्था और प्राकृतिक वातावरण तैयार किया गया है। उनके स्वास्थ्य की जानकारी के लिए डॉक्टरों की एक टीम लगातार निगरानी कर रही है।

### इन्हें विशेष वाहनों से लाया गया : डॉ. सहाय

बांधवगढ़ टाइगर के संचालक डॉ. अनुपम सहाय ने बताया कि 27 बायसनों को विशेष वाहनों में पांच दिनों में लाया गया है। इस काफिले में डॉक्टरों और अधिकारियों की टीम भी साथ थी, जिन्होंने हर घंटे इनकी निगरानी की। क्षेत्र संचालक ने बताया कि बायसनों को आए अभी दो दिन ही हुए हैं और सभी स्वस्थ हैं। वे झुंड में रहते हैं और जब तक वे झुंड नहीं बना लेते, उन्हें दूसरे बाड़े में स्थानांतरित नहीं किया जाएगा।

## हाईवे वारदात के आरोपी को 5 साल की सजा


**उमरिया।** जिले में हाइवे पर चालक से लूट की वारदात के मामले में न्यायालय ने सख्त फैसला सुनाते हुए मुख्य आरोपी को पांच वर्ष के सश्रम कारावास की सजा दी है। अभियोजन नीरज पाण्डेय के अनुसार, फरियादी दुर्गेश यादव वाहन मालिक सोनेलाल यादव की अर्टिगा कार चलाता है। 1 फरवरी 2025 की सुबह करीब 10:30 बजे वाहन मालिक ने उसे फोन कर कटनी जाने की बुकिंग की जानकारी दी और एक मोबाइल नंबर साझा किया। निर्देश मिलने पर दुर्गेश सिंगल टोला से गाड़ी लेकर भरौला पहुंचा और संपर्क करने पर उसे सिद्धबाबा मंदिर के पास बुलाया गया। कुछ दूरी तय करने के बाद एक युवक ने अचानक पेचकस निकालकर दुर्गेश को डराया और गाड़ी दूसरे साथी को चलाने के लिए मजबूर किया। जान का खतरा देखते हुए चालक ने वाहन सौंप दिया।

# आस्था का नवोदय विद्यालय में चयन



**शहपुरा।** शहपुरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बरगांव निवासी होनहार छात्रा आस्था गौतम का जवाहर नवोदय विद्यालय, धमनगांव में कक्षा छठवीं के लिए वेटिंग लिस्ट के माध्यम से चयन होने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। आस्था की इस उपलब्धि को परिवार, विद्यालय एवं ग्रामवासियों ने गर्व का विषय बताया है। आस्था, सेवानिवृत्त शिक्षक अयोध्या प्रसाद गौतम एवं माया देवी गौतम की नातिन है। वह पत्रकार आशीष कुमार गौतम एवं सुषमा गौतम की सुपुत्री हैं। आस्था ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह सफलता अर्जित की है, जिससे परिवार का नाम रोशन हुआ है। आस्था के चयन पर मनीष कुमार गौतम, सीमा गौतम, संस्कार स्कूल शहपुरा के संस्था प्रमुख अविनाश लाला झारिया सहित शिक्षकों ने बधाई दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ब्लड कैंसर पीड़ित युवती को हैप्पी सिंह ने किया रक्तदान



**नौरोजाबाद ।** उमरिया जिले के अंतर्गत महाराणा क्षत्रिय महासभा रक्तदान समिति द्वारा लगातार जरूरतमंदों को नि:शुल्क रक्तदान किया जा रहा है। शुक्रवार को ज़रूरतमंद ग्राम अमोखर, जिला मऊगन्ज (रीवा) निवासी शिवाली पांडेय को एम्स हॉस्पिटल भोपाल में नि:शुल्क रक्तदान सेवा समिति सदस्य हैप्पी सिंह राजपूत द्वारा किया गया। रक्तदान से नवजीवन प्राप्त मरीज़ और परिवार ने रक्तदान समिति के अध्यक्ष फौजी रमेश सिंह राजपूत और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया।



# बुनियादी सुविधाओं का विस्तार पहली प्राथमिकता : धुर्वे

▶ करोड़ों की लागत से बने शासकीय विद्यालय के अतिरिक्त भवन का विधायक ने किया लोकार्पण

**शहपुरा नवभारत।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शहपुरा में करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित अतिरिक्त भवन का लोकार्पण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह नया भवन विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात के रूप में मिला है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद शहपुरा की अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल, उपाध्यक्ष मुकेश साहू, जनपद पंचायत शहपुरा की अध्यक्ष प्रियंका आर्मो, उपाध्यक्ष जितेंद्र चंदेल सहित नगर व क्षेत्र के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों को मिलेगा बेहतर शैक्षणिक वातावरण

लोकार्पण अवसर पर विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है। आधुनिक भवन से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत एवं मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। बच्चों के उत्साहवर्धन में विधायक व अधिकारियों का थिरकना कार्यक्रम की शोभा बढ़ाता नजर आया।

कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के एमके राय बीईओ, जीपी साहू बीआरसी, डीके श्रीवास्तव संकुल प्राचार्य, एसके सोनी प्राचार्य, वायके साहू संकुल प्राचार्य सहित समस्त शाला परिवार उपस्थित रहा। सुसंगठित मंच संचालन ने समारोह को अंत तक रोचक बनाए रखा।

# हल-हल धारा में बह रही भक्ति की अविरल धारा

▶ श्रीमद्भागवत पुराण कथा व पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन

**शहपुरा।** शहपुरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम कस्तूरी देवरी के पावन स्थल हल-हल धारा में श्रीमद्भागवत पुराण कथा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण का धार्मिक आयोजन 24 जनवरी से श्रद्धा और आस्था के साथ प्रारंभ हुआ था। यह आयोजन 31 जनवरी को पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगा।

कथा का मधुर एवं भावपूर्ण वाचन प्रसिद्ध कथावाचक पंडित सुरेश कुमार दुबे शास्त्री द्वारा किया जा रहा है। गुरुवार को कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह, रुक्मिणी हरण तथा सामंतक मणि की कथा का सुंदर वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। शुक्रवार को सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाया गया, जिसमें सच्ची मित्रता, भक्ति और त्याग का मार्मिक चित्रण किया गया।



### आयोजन क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना जगा रहा

कथा में राजेश कुमार दुबे, भजन सिंह, मसराम, जगदीश भवेदी, सम्हर सिंह उईके, महंत रविगिरी, राजू बरमैया, नरेश बरमैया, सुरेश बरमैया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर कथा रूपी अमृत का पान कर रहे हैं। आयोजन स्थल पर प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग निर्माण भी श्रद्धा के साथ किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक समरसता एवं भक्ति भाव को सुदृढ़ कर रहा है।

# अंधे मोड़ पर घायल को देख शिवनारायण सिंह ने रोका वाहन, मानवता की पेश की मिशाल

▶ विधायक ने लोगों की मदद से घायल को उठाया

**उमरिया।** बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम करीब 5:30 बजे विधायक शिवनारायण सिंह निगहरी प्रवास से लौट रहे थे। इसी दौरान जब उनका वाहन निगहरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सीताफॉल एवं हरवाह के बीच स्थित अंधे मोड़ के पास पहुंचा, तो उन्होंने सड़क किनारे एक सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को पड़ा देखा।



विधायक शिवनारायण सिंह ने तत्काल अपना वाहन रुकवाया और मौके पर पहुंचकर घायल की स्थिति का जायजा लिया। दुर्घटना में घायल व्यक्ति की पहचान सूरजपुरा निवासी दादूराम सिंह के रूप में हुई है। विधायक शिवनारायण सिंह ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सुरक्षित रूप से उठवाया और तत्काल 112 आपात सेवा को सूचना दी।

### एंबुलेंस से भेजा गया जिला अस्पताल

एम्बुलेंस के माध्यम से घायल दादूराम सिंह को इलाज के लिए जिला अस्पताल उमरिया भेजा गया। विधायक द्वारा समय पर की गई इस पहल से घायल को त्वरित चिकित्सा सहायता मिल सकी। मौके पर मौजूद लोगों ने विधायक के इस मानवीय व्यवहार की सराहना की और इसे जनप्रतिनिधि की संवेदनशीलता का उदाहरण बताया।

# ज्वालामुखी मंदिर में देर रात चोरी की वारदात

▶ मंदिर परिसर से कुछ दूर मिली दान पेटी, पुलिस पहुंची मौके पर, जांच जारी

**उमरिया।** जिले के मानपुर नगर से करीब 3 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत माला के रोहनिया स्थित प्राचीन ज्वालामुखी मंदिर में 29-30 जनवरी की दरमियानी रात करीब 1 बजे अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

बताया जाता है कि चोर मंदिर से देवी माता ज्वालामुखी की श्रृंगार सामग्री एवं दान पेटी लेकर चंपत हो गये। चोर की यह पूरी वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। घटना की जानकारी



मिलते ही मानपुर थाना एवं पुलिस चौकी ताला बांधवगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू की। पुलिस जांच के दौरान मंदिर के बाहर कुछ ही दूरी पर दान पेटी बरामद की गई है, हालांकि उसमें रखी नकदी गायब है।

### चोरी की घटना से लोगों में रोष

जिले के मानपुर जनपद में इन दिनों चोरों के हौसले बहुत ही ज्यादा बुलंद हैं। विगत दिनों ग्राम चिल्हारी के हनुमान मंदिर में हनुमान की मुकुट माला छत्र लगभग कीमती एक लाख रुपए का चोरी हुआ, जिसकी सूचना अमरपुर पुलिस चौकी में लिखित रूप से दी गई। पुलिस ने जांच की, लेकिन आज भी पुलिस के हाथ खाली है। इसी तरह ग्राम चिल्हारी अन्य कई चोरियां हुई पर पुलिस के हाथ चोरों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।